# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21.12.22 | 3 | 2-7 |

जागरण विशेष

# टमाटर की फसल को बचाएंगे गेंदे के पौधे

चेतन सिंह • हिसार

आपको जानकर हैरानी होगी कि एक पौधा दूसरे पौधे का जीवन न केवल बचा सकता है, बल्कि उसके फलने-फूलने में भी मददगार साबित होता है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में सब्जी की फसलों के संरक्षण के लिए नए प्रयास शुरू किए गए हैं। टमाटर की फसल पर यह परीक्षण किया गया है जिसके चौंकाने वाले परिणाम-सामने आए हैं। इससे ना केवल टमाटर का उत्पादन बढ़ा है, बल्कि हानिकारक रसायनों के छिड़काव की भी जरूरत नहीं पड़ी। वहीं सब्जी के साथ-साथ फूलों की खेती से किसान अतिरिक्त आमदनी भी कमा सकते हैं। एचएयू के सब्जी विभाग ने टमाटर की फसल में अधिक पैदावार के लिए नए तरह के प्रयास शुरू किए हैं। टमाटर की फसल लगाने से एक महीना पहले गेंदे के फूलों की खेती उसी जमीन पर की जाती है जहां पर टमाटर की फसल होगी। गेंदे के पौधे की जड़ से निकलने वाला अल्फा टर्थिनिल रसायन मिट्टी में निमेटोड्स के प्रभाव को कम कर देते हैं। यह एक तरह का एंटी निमेटोड्स होता है। निमेटोड्स फसलों के लिए हानिकारक है खासकर टमाटर की फसल के लिए। एचएयू के वैज्ञानिक डॉ अनिल वत्स ने स्वयं इसका परीक्षण करके देखा। परीक्षण में सामने आया कि टमाटर का पौधा अच्छी तरह विकसित हुआ और उसमें कीटों का प्रभाव कम हुआ। इसके अलावा टमाटर पर हानिकारक रसायनों के छिड़काव की जरूरत नहीं पड़ती।

- बागवानी किसानों के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने शुरू किए प्रयास
- टमाटर की फसल को बचाने के लिए गेंदे के पौधों की खेती की



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बागवानी विभाग द्वारा लगाए गेंदे व टमाटर के पौधे। • जागरण

## गेंदे के पौधे की जड़ पर रिसर्च करेगा एचएयू

एचएयू के वैज्ञानिक अब गेंदे के पौधे की जड़ पर रिसर्च करेंगे कि इसकी जड़ में ऐसे कौन से तत्व मौजूद है जो मिट्टी में निमेटोड के प्रभाव को कम करते है। ताकि उस तत्व का प्रयोग करके अन्य फसलों में भी परीक्षण किया जा सके।

## किसानों को होगा दोगुना फायदा

**फायदा** : टमाटर की फसल से एक महीना पहले गेंदे के पौधे लगाने से किसान टमाटर की फसल के साथ- साथ फूलों की खेती भी कर सकेंगे। इससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी साथ ही टमाटर की फसल पर लागत भी कम आएगी। एचएयू इस दिशा में और काम कर रहा है।

## गहरी जुताई और फसल चक्र अपना होगा

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि एचएयू में सब्जी व निमेटोलॉजी विभाग में काफी शोध हुए है। किसान गहरी जुताई और फसल चक्र अपनाकर अच्छी पैदावार ले सकते है। गर्मी में गहरी जुताई के बाद अगर जमीन को खुला छोड़ दिया जाए तो भी निमेटोड्स का प्रभाव कम हो जाता है। इसी तरह से प्याज और लहसुन की फसल भी बागवानी के साथ लगाने से अच्छे परिणाम सामने आते है। एचएयू किसानों की आमदनी बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयासरत है।



कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज। • पीआरओ

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21.12.22 | 2 | 1-4 |

**भास्कर खास** • दिल्ली एनसीआर और सोनीपत में बढ़ रहा फ्लोरिकल्चर, विदेशों में भी जा रहे हैं हरियाणा से फू

# एचएयू के बॉटनिकल गार्डन में तैयार होंगी गुलाब की 25 किस्

## हरियाणा के गुलाब से तैयार इत्र की सऊदी अरब समेत अन्य देशों में भी डिमांड

भास्कर न्यूज़ | हिसार

एचएयू के बॉटनिकल गार्डन में गुलाब की 25 तरह की किस्मों के पौधे तैयार किए जाएंगे। लाल, पीला, सफेद, काला, गुलाबी आदि रंग की यह अलग-अलग वैरायटी तैयार कर आगामी साल से आमजन के लिए भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। अभी बॉटनिकल गार्डन में गुलाब की 12 किस्में हैं। जिनसे नई पौध तैयार करवाई जाएगी। हरियाणा के गुलाब की दिल्ली-एनसीआर से लेकर विदेशों तक डिमांड है।

गुलाब से तैयार इत्र की तो सऊदी अरब के देशों में भी मांग है। गुलाब का इत्र सबसे बेहतर और खुशबूदार होता है। दिल्ली के आसपास के एनसीआर एरिया और सोनीपत में फ्लोरिकल्चर का चलन काफी बढ़ा है। यहां ग्लेडियोलस, मैरीगोल्ड और गुलाब की खेती होती है। दिल्ली-एनसीआर की फाइव स्टार शादियों में भी हरियाणवी फूलों की डिमांड बढ़ रही है।

इस बारे में बॉटनिकल गार्डन के इंचार्ज डॉ. सुभाष काजला ने बताया कि गुलाब की 25 तरह की किस्में आगामी साल तक तैयार कर दी जाएंगी। यह किस्में अलग-अलग रंग और वैरायटी में होंगी। यहां तैयार इत्र की भी विदेशों में डिमांड है।

### हमारे ग्लेडियोलस, गेंदा और गुलाब बना रहे फाइव स्टार होटलों में पहच



**लीलियम से तैयार होगी परमानेंट डाई:** लीलि के पौधे से निकलने वाले पदार्थ का परमानेंट डाई तैयार करने में होगा। इस डा कलर परमानेंट होता है जो किसी भी तरी नहीं निकलता।

**रजनीगंधा का ऑयल मेडिसन में होता है** फ्लावर शो में रजनीगंधा का पौधा प्रदर्शित गया है। इस पौधे के तेल का प्रयोग फार्मा टिकल इंडस्ट्रीज में किया जाता है। तेल क मेडिसन में इस्तेमाल हो रहा है।

**पहाड़ी हैलीकोनिया की इंटरनेशनल** : पहाड़ों में पैदा होने वाले हैलीकोनिय इंटरनेशनल डिमांड है। यह सजावट में इस होता है। इस पौधे को एचएयू में भी कि किया गया है। यहां की कंडीशन में ढाल प्रयास किया जा रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 21.12.22 | 2 | 1-6 |

**एचएयू में अर्बन एग्रीकल्चर एक्सपो एवं फ्लावर शो • विनर्स को लुवास के वीसी ने पुरस्कार वितरित किए**

# राजेश रंक का सबसे बड़ा गुलदाऊदी, देसराज के मेरीगोल्ड ने महकाया तो इंडिविजुअल पुष्प स्पर्धा में राजकुमार विनर

सिटी रिपोर्टर . एचएयू में अर्बन एग्रीकल्चर एक्सपो एवं फ्लावर शो में गुलदाऊदी [illegible]

[illegible]



हिसार. हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित [illegible] दिन स्कूली बच्चे भी पुष्प प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंचे।



हर रंग कुछ कहता है ... हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित [illegible] 2022 में रंगोली बनाती छात्राएं।

## स्कूली विद्यार्थियों की प्रतियोगिताओं के ये रहे परिणाम

[illegible]



हिसार . हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित [illegible] एचएयू के अधिकारी।

## गुलदाऊदी और पुष्प सज्जा प्रतियोगिता के परिणाम

[illegible]

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि भूमि | 21.12.22 | 10 | 2-7 |


### लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी पुष्प प्रदर्शनी : डॉ. वर्मा

# लोगों की भारी भीड़ और उत्सुकता को देखते हुए एक दिन और बढ़ाया मेला





[illegible]

फोटो हरिभूमि

[illegible]

### ऐसे रहे परिणाम

[illegible]

### ड्राइंग एंड पेंटिंग में ... ने मारी बाजी

[illegible]

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21.12.22 | 1 | 1-6 |


**भास्कर खास •** बॉटनिकल गार्डन के साथ एग्री टूरिज्म सेंटर का होगा 25 एकड़ में विस्तार, पब्लिक के लिए रहेगा ओपन, फूड कोर्ट भी बनेगा

# एचएयू में बनेगा ओपन एयर थियेटर, चौखी ढाणी की तर्ज पर टूरिज्म की तैयारी, हरियाणवी व्यंजन खीर-चूरमा, सरसों के साग का स्वाद चखेंगे टूरिस्ट

भास्कर न्यूज | हिसार

एचएयू में कल्चरल इवेंट्स के लिए ओपन एयर थियेटर बनाया जाएगा। यह थियेटर एग्री टूरिज्म सेंटर के साथ बनाया जाएगा। यहां यूनिवर्सिटी के कल्चरल इवेंट्स भी करवाए जाएंगे। राजस्थान की चौखी ढाणी की तर्ज पर एग्री टूरिज्म सेंटर में फूड कोर्ट विकसित किया जाएगा। यहां आने वाले पर्यटक हरियाणवी व्यंजन खीर-चूरमा, बाजरे की रोटी, मक्खन, सरसों का साग, गुड़, शक्कर, लस्सी आदि व्यंजनों का स्वाद भी चख सकेंगे।

यूनिवर्सिटी में होम साइंस कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज में ऑडिटोरियम के अलावा आईजी ऑडिटोरियम तो है लेकिन ओपन एयर थियेटर की जरूरत महसूस हो रही थी। जहां ओपन में कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा सके। इसके लिए एग्री टूरिज्म सेंटर के पास ही जमीन का चयन किया गया है ताकि यहां आने वाले पर्यटक भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी लुत्फ उठा सकें। एग्रीकल्चर टूरिस्ट सेंटर के विस्तार के लिए 13 एकड़ जमीन और दी गई है। यहां काम भी शुरू हो चुका है। इस सेंटर का एरिया अब 25 एकड़ हो जाएगा। इसमें ट्री हाउसिज भी विकसित किए जाएंगे। इन ट्री हाउसिज में फूल और पौधों की जानकारियां दी जाएंगी। मीटिंग्स और छोटे आयोजन भी इन ट्री हाउसिज में किए जा सकेंगे। सेंटर में आने वाले टूरिस्ट यहां ठहर सकें इसके लिए रूम भी बनाए जाएंगे।



## पुराने बर्तन, खेती के उपकरण, ड्रेसिज डिस्प्ले में रखे जाएंगे

डिस्प्ले एरिया में हरियाणवी कल्चर से जुड़े पुराने बर्तन, खेती के उपकरण व परिधान रखे जाएंगे ताकि सेंटर में आने वाले लोग हरियाणवी संस्कृति से जुड़ सकें। टूरिस्ट के लिए यहां छोटे वाटर फॉल भी बनाए जाएंगे। बेसिक साइंस कॉलेज के डीन डॉ. नीरज ने बताया कि वीसी प्रो. बीआर काम्बोज के निर्देश पर एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सेंटर विकसित किया जा रहा है। यहां ओपन एयर थियेटर व फूड कोर्ट की भी व्यवस्था की जाएगी।

## फ्लॉवर शो में बढ़ी लोगों की भीड़, एक दिन बढ़ाया, बुधवार को भी शो रहेगा जारी

हिसार. अर्बन एग्रीकल्चर एक्सपो एवं फ्लॉवर शो में दो दिन से शहरवासियों की बड़ी भीड़ उमड़ रही है। शहरवासियों की फूलों और प्रदर्शनी में रुचि को देखते हुए विवि प्रशासन ने इसे एक दिन के लिए और बढ़ा दिया है। बुधवार को भी एचएयू के गेट नंबर चार के पास बॉटनिकल गार्डन में पुष्प प्रदर्शनी जारी रहेगी।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21-12-22 | 4 | 1-6 |

# गुलदाउदी के बड़े आकार का फूल श्रेणी में राजेश प्रथम

## एचएयू कैंपस में आयोजित पुष्प उत्सव में लोगों की उत्सुकता को देखते हुए एक दिन और बढ़ाया मेला

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में आयोजित 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2022' में मंगलवार को पुष्प एवं पोटिड प्लांट प्रतियोगिता हुई। गुलदाउदी के बड़े आकार का फूल श्रेणी में राजेश रंक कपूर प्रथम, मोहित कुमार द्वितीय व जिंदल स्टेनलेस ने तृतीय पुरस्कार जीता। लोगों की उत्सुकता को देखते हुए मेले को एक दिन और बढ़ाया गया है।



एचएयू में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी का मनमोहक दृश्य। संवाद



मम्मी ये बंदर मैं ले लूं... एचएयू कैंपस में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में अपने बच्चे संग पहुंचीं एक महिला। संवाद

लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा मुख्य अतिथि रहे। हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। विवि के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि बड़े आकार के फूल श्रेणी में जेआईएमएस प्रथम, राजबीर कुमार द्वितीय, गोगी तृतीय, छोटे आकार के फूल श्रेणी में दिलीप प्रथम, राजबीर द्वितीय व आसाराम तृतीय रहा।

संबंधित फोटो देखने के लिए स्कैन करें

फोलिएज प्लांट्स में मोहित कुमार, रामधन व राममेहर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला। पॉम में विक्रम सिंह, सत्यवान व जिंदल स्टेनलेस जबकि कैक्टस एंड सैक्यूलेंटस में ओपीजेआईएमएस, राजेश रंक कपूर व जेआईएमएस को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। मेरीगोल्ड (गेंदा) में देसराज, जेएसएचएल व जेआईएमएस जबकि ताजा पुष्प सज्जा में राजेश रंक कपूर, मोहित कुमार व सत्यवान को क्रमशः विजेता बने। ड्राई पुष्प सज्जा में धनंजय प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज, हिसार द्वितीय व शांति देवी तृतीय स्थान पर रहे। इंडिविजुअल पुष्प प्रतियोगिता में राज कुमार प्रथम रहे।

**ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता में नव्या, जेशना व जिया प्रथम** : स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ड्राइंग, पेंटिंग प्रतियोगिता में पहली से 5वीं कक्षा में नव्या, प्रिंस व नीविशा, छठी से 8वीं कक्षा में जेशना, काव्या, शानवी व अदविता क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। नौवीं से 12वीं कक्षा में जिया प्रथम, दीपांशु द्वितीय, प्रियांशी तृतीय रही। कॉलेज विद्यार्थियों में संजू सिंह पूनिया प्रथम, शिवानी रावत द्वितीय, राहुल तृतीय रहे।



एचएयू में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में रंगोली बनातीं युवतियां। संवाद

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21-12-22 | 3 | 1-5 |

# आकर्षण का केन्द्र बनी पुष्प प्रदर्शनी, एक दिन अवधि और बढ़ाई

हिसार, 20 दिसम्बर (राठी): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2022' में पुष्प एवं पॉटिड प्लांटस प्रतियोगिताओं सहित स्कूलों व कालेजों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें भारी संख्या में फूल प्रेमियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। लोगों की भारी भीड़ और उत्सुकता को देखते हुए 19 व 20 की पुष्प प्रदर्शनी को 21 दिसम्बर तक बढ़ाया गया है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा उपस्थित रहे जबकि हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे।



प्रदर्शनी में फूलों को निहारती युवतियां।



प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि लुवास कुलपति विनोद कुमार वर्मा। साथ हैं हकृवि कुलपति प्रो.कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य अधिकारी।

कुलपति डॉ. विनोद कुमार ने इस प्रदर्शनी और प्रदर्शनी के प्रति लोगों के उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने प्रदर्शनी में फूलों, विशेषकर गुलदाऊदी की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ कैक्टस, सैक्युलेंटस, बोनसाई आदि की कलैक्शन का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा यह प्रदर्शनी अब लोगों के आकर्षण का केन्द्र बन गई है क्योंकि लोगों को इस प्रदर्शनी का बहुत इंतजार रहता है। उन्होंने प्रतियोगिताओं की सभी प्रविष्टियों का अवलोकन किया और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार के अनुसार इन प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे: गुलदाऊदी के एक





प्रदर्शनी में आयोजित प्रतियोगिता में चित्र बनाती छात्राएं।

द्वितीय व जिंदल स्टेनलेस को तृतीय पुरस्कार, अनेक बड़े आकार के फूल श्रेणी में जे.आई.एम.एस. प्रथम, राजबीर कुमार द्वितीय तथा गोगी तृतीय स्थान पर रहे जबकि छोटे आकार के फूल श्रेणी में दिलीप प्रथम, राजबीर कुमार द्वितीय तथा आसाराम ने तृतीय स्थान हासिल किया। फोलिएज प्लांटस में मोहित कुमार, रामधन तथा राममेहर को क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला। पॉम में विक्रम सिंह

ओपीजेआईएमएस, राजेश रंक कपूर व जे.आई.एम.एस. को क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार मेरीगोल्ड (गेंदा) में देसराज, जेएसएचएल व जेआईएमएस को जबकि ताजा पुष्प सगा में राजेश रंक कपूर, मोहित कुमार व सत्यवान को क्रमश: प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ड्राई पुष्प सज्जा में धनंजय प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज, हिसार द्वितीय व शांति देवी तृतीय स्थान पर रहे।

स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ड्राईंग एण्ड पेंटिंग प्रतियोगिता में पहली से पांचवी कक्षा में नव्या, प्रिंस व नीविशा जबकि छठी से 8वीं कक्षा में जेशना, काव्या, शानवी व अदविता ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 9वीं से 12वीं कक्षा में जिया प्रथम, दीपांशु द्वितीय तथा प्रियांशी तृतीय स्थान पर रहीं।

कॉलेज विद्यार्थियों में मंत्र सिंह

मेहंदी रचाओ में स्कूल विद्यार्थियों वंशिका, सुनैना व मुस्कान ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान किया जबकि कॉलेज विद्यार्थियों अंशिका, खुशी व निवेदी क्रमश: प्र व द्वितीय स्थान पर रहीं। रंगो प्रतियोगिता में स्कूल विद्यार्थियों में स व मुस्कान सुथार प्रथम, चाहत व प द्वितीय तथा खुशी व हेमलता तृ स्थान पर रहीं जबकि कॉलेज विद्या में शिखा व अंशिका प्रथम

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21-12-22 | 2 | 1-4 |

# शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव : कैक्टस सैक्युलेंटस व बोनसाई में लोगों ने दिखाई रूचि

## लोगों की भारी भीड़ व उत्सुकता को देखते हुए एचएयू ने एक दिन और बढ़ाया मेला



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बोटैनिकल गार्डन में शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव में फूलों को निहारती युवतियां। ● जागरण



मुख्य अतिथि डा. विनोद कुमार वर्मा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए ● जागरण

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2022 में पुष्प एवं पॉटिड प्लांटस प्रतियोगिताओं सहित स्कूलों व कालेजों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें भारी संख्या में फूल प्रेमियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। लोगों की भारी भीड़ और उत्सुकता को देखते हुए 19 व 20 की पुष्प प्रदर्शनी को एक दिन और बढ़ाया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में लगी इस पुष्प प्रदर्शनी में विशेषकर गुलदाऊदी की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ कैक्टस, सैक्युलेंटस, बोनसाई आदि की क्लैक्शन में लोगों ने विशेष रूचि दिखाई।

इंडोर प्लांटस के अलावा लोगों ने

### पेंटिंग प्रतियोगिता के परिणाम

स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ड्राइंग एंड पेंटिंग प्रतियोगिता में पहली से पांचवी कक्षा में नव्या, प्रिंस व नीविशा जबकि छठी से आठवी कक्षा में जेशना, काव्या, शानवी व अदविता ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार नौवी से बारहवी कक्षा में जिया प्रथम, दीपांशु द्वितीय तथा प्रियांशी तृतीय स्थान पर रही। कॉलेज विद्यार्थियों में संजु सिंह पुनिया, शिवानी रावत व राहुल क्रमश: पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। मेहदी रचाओ में स्कूल विद्यार्थियों में वंशिका, सुनैना व मुस्कान ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि कॉलेज विद्यार्थियों में अंशिका, खुशी व निवेदी क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान पर रही। रंगोली प्रतियोगिता में स्कूल विद्यार्थियों में साक्षी व मुस्कान सुथार प्रथम, चाहत व यशिका द्वितीय तथा खुशी व हेमलता तृतीय स्थान पर रही जबकि कॉलेज विद्यार्थियों में दिव्या व अंशिका प्रथम, टीना द्वितीय तथा किरण, सिमरन व सारिका और मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रहे।

### गुलदाऊदी के एक बड़े आकार का फूल श्रेणी में राजेश रंक कपूर प्रथम

**गुलदाऊदी के एक बड़े आकार का फूल श्रेणी में राजेश रंक कपूर प्रथम :** विवि के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी कालेज के अधिष्ठाता डा. नीरज कुमार के अनुसार इन प्रतियोगिताओं में गुलदाऊदी के एक बड़े आकार का फूल श्रेणी में राजेश रंक कपूर प्रथम, मोहित कुमार को द्वितीय व जिंदल स्टेनलेस को तृतीय पुरस्कार, अनेक बड़े आकार के फूल श्रेणी में जेआईएमएस प्रथम, राजबीर कुमार द्वितीय तथा गोगी तृतीय स्थान पर रहे जबकि छोटे आकार के फूल श्रेणी में दिलीप प्रथम, राजबीर कुमार द्वितीय तथा आसाराम ने तृतीय स्थान हासिल किया। फोलिएज प्लांटस में मोहित कुमार, रामधन तथा राममेहर को क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला। पाम में विक्रम सिंह, सत्यवान व जिंदल स्टेनलेस जबकि कैक्टस एंड सैक्युलेंटस में ओपीजेआईएमएस, राजेश रंक कपूर व जेआईएमएस को क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार मेरीगोल्ड (गेंदा) में देसराज, जेएसएचएल व जेआईएमएस को जबकि ताजा पुष्प सज्जा में राजेश रंक कपूर, मोहित कुमार व सत्यवान को क्रमश: प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ड्राई पुष्प सज्जा में धनंजय प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज, हिसार द्वितीय व शांति देवी तृतीय स्थान पर रहे। इंडिविजुअल पुष्प प्रतियोगिता में राज कुमार प्रथम रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 21.12.22 | 5 | 4-8 |

प्रदर्शनी | लोगों की भारी भीड़ और उत्सुकता को देखते हुए एक दिन और बढ़ाया मेला

# लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी पुष्प प्रदर्शनी: डॉ. विनोद

सच कहूँ/सरदाना



हिसार। पुष्प प्रदर्शनी के दौरान मुख्यातिथि डॉ. विनोद कुमार वर्मा, प्रो. बी.आर. कम्बोज व अन्य अधिकारीगण।

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2022' में पुष्प एवं पॉटिड प्लांटस प्रतियोगिताओं सहित स्कूलों व कालेजों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें भारी संख्या में फूल प्रेमियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। लोगों की भारी भीड़ और उत्सुकता को देखते हुए पुष्प प्रदर्शनी को एक दिन और बढ़ाया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. कम्बोज की गरिमापूर्ण उपस्थिति में लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा मुख्यातिथि रहे जबकि हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे।

डॉ. विनोद कुमार ने इस प्रदर्शनी और प्रदर्शनी के प्रति लोगों के उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने प्रदर्शनी में फूलों, विशेषकर गुलदाऊदी की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ कैक्टस, सैक्युलेंटस, बोनसाई आदि की कलेक्शन का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा यह प्रदर्शनी अब लोगों के आकर्षण का केन्द्र बन गई है क्योंकि लोगों को इस प्रदर्शनी का बहुत इंतजार रहता है। उन्होंने प्रतियोगिताओं की सभी प्रविष्टियों का अवलोकन किया और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार के अनुसार इन प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे: गुलदाऊदी के एक बड़े आकार का फूल श्रेणी में राजेश रंक कपूर प्रथम, मोहित कुमार को द्वितीय व जिंदल स्टेनलेस को तृतीय पुरस्कार, अनेक बड़े आकार के फूल श्रेणी में जेआईएमएस प्रथम, राजबीर कुमार द्वितीय तथा गोगी तृतीय स्थान पर रहे जबकि छोटे आकार के फूल श्रेणी में दिलीप प्रथम, राजबीर कुमार द्वितीय तथा आसाराम ने तृतीय स्थान हासिल किया। फोलिएज प्लांटस में मोहित कुमार, रामधन तथा राममेहर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला। पॉम में विक्रम सिंह, सत्यवान व जिंदल स्टेनलेस जबकि कैक्टस एण्ड सैक्यूलेंटस में ओपीजेआईएमएस, राजेश कपूर व जेआईएमएस को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार मेरीगोल्ड (गेंदा) में देसराज, जेएसएचएल व जेआईएमएस को जबकि ताजा पुष्प सज्जा में राजेश रंक कपूर, मोहित कुमार व सत्यवान को क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ड्राई पुष्प सज्जा में धनंजय प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज, हिसार द्वितीय व शांति देवी तृतीय स्थान पर रहे। इंडिविजुअल पुष्प प्रतियोगिता में र.ज कुमार प्रथम रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21·12·22 | 1 | 1-3 |

## प्रदर्शनी : फूलों संग सेल्फी का क्रेज...



प्रवीण सैनी

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 20.12.2022 | ----- | ----- |

## लोगों के आकर्षण का केन्द्र बन गई है पुष्प प्रदर्शनी : डॉ. विनोद कुमार वर्मा

समस्त हरियाणा न्यूज

[illegible]



[illegible]

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 20.12.2022 | ----- | ----- |

## पुष्प प्रदर्शनी : उत्सुकता को देखते हुए एक दिन और बढ़ाया मेला



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2022' में पुष्प एवं पॉटिड प्लांटस प्रतियोगिताओं सहित स्कूलों व कालेजों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें भारी संख्या में फूल प्रेमियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। लोगों की भीड़ और उत्सुकता को देखते हुए 19 व 20 की पुष्प प्रदर्शनी को एक दिन और बढ़ाया गया है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा मुख्यातिथि रहे जबकि हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे।

डॉ. विनोद कुमार ने इस प्रदर्शनी और प्रदर्शनी के प्रति लोगों के उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने प्रदर्शनी में फूलों, विशेषकर गुलदाऊदी की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ कैक्टस, सैक्युलेंटस, बोनसाई आदि की क्लेकशन का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रतियोगिताओं की सभी प्रविष्टियों का अवलोकन किया और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार के अनुसार इन प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहेः गुलदाऊदी के एक बड़े आकार का फूल श्रेणी में राजेश रंक कपूर प्रथम, मोहित कुमार को द्वितीय व जिंदल स्टेनलेस को तृतीय पुरस्कार, अनेक बड़े आकार के फूल श्रेणी में जेआईएमएस प्रथम, राजबीर कुमार द्वितीय तथा गोगी तृतीय स्थान पर रहे जबकि छोटे आकार के फूल श्रेणी में दिलीप प्रथम, राजबीर कुमार द्वितीय तथा आसाराम ने तृतीय स्थान हासिल किया। फोलिएज प्लांटस में मोहित कुमार, रामधन तथा राममेहर को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला। पॉम में विक्रम सिंह, सत्यवान व जिंदल स्टेनलेस जबकि कैक्टस एण्ड सैक्यूलेंटस में ओपीजेआईएमएस, राजेश रंक कपूर व जेआईएमएस को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार मेरीगोल्ड (गेंदा) में देसराज, जेएसएचएल व जेआईएमएस को जबकि ताजा पुष्प सज्जा में राजेश रंक कपूर, मोहित कुमार व सत्यवान को क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ड्राई पुष्प सज्जा में धनंजय प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज, हिसार द्वितीय व शांति देवी तृतीय स्थान पर रहे। इंडिविजुअल पुष्प प्रतियोगिता में राज कुमार प्रथम रहे। स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित ड्राईंग एण्ड पेंटिंग प्रतियोगिता में पहली से पांचवी कक्षा में नव्या, प्रिंस व नीविशा जबकि छठी से आठवीं कक्षा में जेशना, काव्या, शानवी व अदविता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

| | |
|---|---|
| | **चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय** |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 21.12.2022 | ----- | ----- |

# लोगों की भारी भीड़ और उत्सुकता को देखते हुए एक दिन और बढ़ाया पुष्प उत्सव

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित 'शहरी खेती एक्सपो एवं पुष्प उत्सव 2022' में पुष्प एवं पॉटिड प्लांटस प्रतियोगिताओं सहित स्कूलों व कालेजों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें भारी संख्या में फूल प्रेमियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। लोगों की भारी भीड़ और उत्सुकता को देखते हुए 19 व 20 की पुष्प प्रदर्शनी को 21 तक बढाया गया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की गरिमापूर्ण उपस्थिति में लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा मुख्यातिथि रहे जबकि हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के पूर्व चेयरमैन डॉ. जगबीर सिंह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे। डॉ. विनोद कुमार ने इस प्रदर्शनी और प्रदर्शनी के प्रति लोगों के उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने प्रदर्शनी में फूलों, विशेषकर गुलदाऊदी की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ कैक्टस, सैक्युलेंटस, बोनसाई आदि की क्लैकशन का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा यह प्रदर्शनी अब लोगों के आकर्षण का केन्द्र बन गई है क्योंकि लोगों को इस प्रदर्शनी का बहुत इंतजार रहता है। उन्होंने प्रतियोगिताओं की सभी प्रविष्टियों का अवलोकन किया और



**लोगों के आकर्षण का केन्द्र बन गई है पुष्प प्रदर्शनीः डॉ. विनोद कुमार वर्मा**

विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नीरज कुमार के अनुसार इन प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे: गुलदाऊदी के एक बड़े आकार का फूल श्रेणी में राजेश रंक कपूर प्रथम, मोहित कुमार को द्वितीय व जिंदल स्टेनलेस को तृतीय पुरस्कार, अनेक बड़े आकार के फूल श्रेणी में जेआईएमएस प्रथम, राजबीर कुमार द्वितीय तथा गोगी तृतीय स्थान पर रहे ।